## न्यूज ब्रीफ

### बिना मानदेय के काम कर रहे बीएमएम

**शेरगढ़, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यालय शेरगढ़ में तैनात बीएमएम को पिछले वर्षों के कई महीनों का रूका मानदेय अब तक नहीं मिला है। जिले के बीएमएम ने संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र बीएमएम आशीष पटेल ने बताया कि मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिले के बीएमएम भुगतान की गुहार लगा रहे हैं। उन्होंने सीडीओ देवयानी को प्रार्थना पत्र देकर भुगतान की मांग की है।

### बुकिंग के बाद भी नहीं दिया सिलेंडर

**शीशगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सहोड़ा के उपभोक्ता ने मुख्यमंत्री से एक्स के माध्यम से किशन भारत गैस एजेंसी की शिकायत की है। कस्बा निवासी गीता देवी ने बताया कि 31 मार्च को सिलेंडर बुक कराया था। बुकिंग के बाद उनके फोन पर डिलीवरी ओटीपी भी आया था, जो अभी भी मौजूद है। जब वह सिलेंडर लेने एजेंसी पर पहुंची तो कर्मचारी ने गैस खत्म होने की बात कहते हुए चार दिन बाद आने को कहा। शुक्रवार को जब वह गैस लेने गईं, तो कर्मचारियों ने कहा कि ओटीपी पुराना हो गया है और अगले महीने फिर से बुकिंग करने की बात कही।

# पूर्वांचल के फॉरएवर ग्रुप ने खरीदी मीरगंज चीनी मिल

## 305 करोड़ में हुआ मिल का सौदा, नई कंपनी ने संचालन अपने हाथ में लिया, किसानों को गन्ने का भुगतान कर चुकी थी मिल



अभी तक धामपुर बायो आर्गेनिक कंपनी के नाम से पहचाने जाने वाली मीरगंज चीनी मिल का गेट । ● अमृत विचार

**संवाददाता बहेडी**

- मिल में लगा है 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट
- धामपुर ग्रुप की इस मिल की गन्ना पेराई क्षमता 90 हजार कुंतल

**अमृत विचार :** बरेली के मीरगंज क्षेत्र में संचालित धामपुर बायो आर्गेनिक ग्रुप की मीरगंज चीनी मिल बिक गई है। पूर्वांचल के फॉरएवर ग्लोबल इंटरप्राइजेज लिमिटेड 305 करोड़ रूपये में मिल खरीदकर इसका संचालन अपने हाथ में ले लिया है। बिक्री एकमुश्त अदायगी के बेस पर की गई है।

फॉरएवर ग्रुप की केसर शुगर मिल, बहेड़ी को खरीदने की बातचीत चल रही थी, लेकिन अचानक यह खबर सामने आई कि फॉरएवर ग्रुप ने मीरगंज चीनी मिल का सौदा कर लिया। धामपुर बायो आर्गेनिक लिमिटेड ने 20 अप्रैल को अपनी मीरगंज चीनी मिल फॉरएवर ग्रुप के हाथ बेचने का एलान कर दिया। मिल का 2025 में टर्न ओवर 423.24 करोड़ का था। धामपुर ग्रुप की इस मिल की गन्ना पैराई क्षमता 90 हज़ार कुंटल प्रति दिन की है। इसमें 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट है। बीते सीजन में मीरगंज चीनी मिल ने 80.19 लाख कुंटल गन्ना पैराई की थी और गन्ना मूल्य का 314.39 करोड़ रुपया किसानों को अदा किया। फॉरएवर ग्रुप अभी तक डिस्टलरी उद्योग में सक्रिय था। गोरखपुर-देवरिया में उनकी डिस्टलरी यूनिट हैं। जानकारी मिली है कि फॉरएवर ग्रुप के तन्मय मोदी ने मंगलवार को मीरगंज चीनी मिल पर कब्ज़ा भी ले लिया।

## केसर मिल को झटका, कर्मचारी - किसान मायूस

**संवाददाता, बहेड़ी**

**अमृत विचार :** बहेड़ी स्थित केसर इंटरप्राइजेज समूह की चीनी मिल को उस समय बड़ा झटका लगा, जब फॉरएवर ग्लोबल इंटरप्राइजेज ने धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड की मीरगंज चीनी मिल खरीदने का सौदा कर लिया। केसर समूह अपनी बहेड़ी चीनी मिल और डिस्टलरी यूनिट बेचने के लिए फॉरएवर ग्रुप से बातचीत कर रहा था, जो अब इस नए सौदे के बाद अधर में लटकती नजर आ रही है।

मंगलवार को हुए इस सौदे की जानकारी मिलते ही केसर मिल प्रबंधन में मायूसी छा गई। पिछले कई महीनों से दोनों पक्षों के बीच बातचीत अंतिम चरण में पहुंच चुकी थी। फॉरएवर ग्रुप के प्रतिनिधि बहेड़ी आकर जमीन और दस्तावेजों का तहसील स्तर पर निरीक्षण भी कर चुके थे। ऐसे में केसर प्रबंधन को सौदा तय होने की पूरी उम्मीद थी और देनदारियों के भुगतान के आश्वासन भी दिए जा चुके थे।


केसर चीनी मिल । ● अमृत विचार

केसर मिल इस समय गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रही है। वर्ष 2024-25 का करीब 142 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बकाया है, जबकि चालू सत्र का भी लगभग 40 करोड़ रुपये किसानों पर बकाया हो चुका है। इस तरह कुल देनदारी करीब 180 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इसके अलावा बैंकों और सप्लायर्स का करीब 100 करोड़ रुपये अलग से बकाया बताया जा रहा है।

इस घटनाक्रम से मिल कर्मचारियों में भी गहरी चिंता व्याप्त है। उन्हें आशंका है कि यदि जल्द कोई खरीदार नहीं मिला, तो मिल बंद होने की नौबत आ सकती है। पहले से वेतन में देरी झेल रहे कर्मचारियों को भविष्य और अधिक असुरक्षित नजर आ रहा है।

> फॉरएवर ग्रुप से सौदे पर बातचीत चल रही थी. उनके मीरगंज चीनी मिल खरीदने की बात सामने आई है। मिल की बिक्री के लिए हम उन दूसरे औद्योगिक घरानों से बात आगे बढ़ाएंगे, जो इसको खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे थे।
> 
> 
> 
> -शरत मिश्रा, सीईओ

किसानों की उम्मीदों को भी इस सौदे ने बड़ा झटका दिया है। मिल की बिक्री होते ही बकाया भुगतान मिलने की उम्मीद बंधी थी, लेकिन अब यह उम्मीद फिर अनिश्चितता में बदल गई है। क्षेत्र के गन्ना किसानों के सामने भुगतान का संकट और गहरा सकता है।

कुल मिलाकर मीरगंज मिल की इस डील ने बहेड़ी की केसर मिल, उसके कर्मचारियों और किसानों तीनों को असमंजस और चिंता में डाल दिया है।

## कार को बचाने में अनियंत्रित ट्रक पलटा

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा ओवरब्रिज पर एक कार चालक ने ट्रक को ओवरटेक किया। कार की साइड ट्रक पर लगने के बाद कार को बचाने में ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया। कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पता चला है कि कार किशोर चला रहा था।

भोजीपुरा कस्बे में ओवरब्रिज पर सुबह छह बजे गांव पीपलसाना चौधरी निवासी एक डाक्टर का नाबालिग बेटा कार सीखने के लिए ओवरब्रिज से होकर बहेड़ी की तरफ जा रहा था। कार चालक किशोर ने रुद्रपुर जा रहे ट्रक को ओवरटेक किया। ओवरटेक करते समय कार की साइड ट्रक में लगी गई। कार को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गए। ट्रक पलटने से ओवरब्रिज की रैलिंग टूटकर सड़क गिरी। रोड किनारे स्थित गोल्डन पैलेस में बारात थी और बाराती सड़क के पास घूम रहे थे। बारातियों कस्बे कुछ लोग मार्निंग वॉक पर निकले थे। रैलिंग गिरने से बाल-बाल बचे गए। ओवरब्रिज पर जाम लग गया, पुलिस ने कार व ट्रक को सड़क से हटवाया। कार का एयरबैग खुलने से किशोर की जान बच गई। पुलिस ने ट्रक चालक भूरी सिंह निवासी टूंडला जनपद फिरोजाबाद थाना कोल्हापुर को हिरासत मे लिया है।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लगाने से रोकें अफसर

**संवाददाता, बहेड़ी।**


बहेड़ी में बिजली समस्या को लेकर भाकियू ने दिया ज्ञापन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** किसानों की बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना बंद करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंतां को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के प्रदेश सचिव दानिश बाबा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र में अनैतिक तरीके से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं, जिसे तत्काल रोका जाए और उनकी जगह पोस्टपेड मीटर लगाए जाएं। किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि मीटर लगाने वाली संस्थाओं द्वारा उपभोक्ताओं से अवैध वसूली की जा रही है, जिसे तत्काल बंद कराया जाए। इसके अलावा ग्राम चकनरकुण्डा में वर्ष 2017 से बंद पड़े दो ट्रांसफार्मरों को चालू कराने की भी मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि धोबी तालाब बिजली घर से निकलने वाले तीन फीडरों की शिफ्टिंग अवैध रूप से कराई जा रही है, जिसे रोकते हुए नियमानुसार केबल के ज़रिए कार्य कराया जाए। ग्राम गोपालपुर में जर्जर तारों के कारण हो रही समस्याओं को देखते हुए उन्हें जल्द बदलवाने की मांग भी रखी गई।

इस दौरान प्रदेश सचिव दानिश बाबा के साथ सार्थक संधू, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद समीर, आमिर बाबा, फरहान, बादशाह, कमर, जावेद, मोहम्मद अजीम, सोहेल बुलेट सहित कई किसान मौजूद रहे।

## भाकियू ने की सड़कों के कायाकल्प की मांग

**बरेली, अमृत विचार:** गन्ना समिति में मंगलवार को चौधरी राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत हुई। जिलाध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह ने फरीदपुर ब्लॉक के ग्राम बकैनिया पुलिया से भोजपुर-पचोमीतक छह किमी मार्ग, टिसुआ से नई बस्ती और मडिया से हसनगंज तक सड़क निर्माण सहित कई अन्य संपर्क मार्गों के चौड़ीकरण की मांग उठाई। जिला प्रवक्ता हाजी इकबाल एडवोकेट ने बिथरी चैनपुर के सैदपुर खजुरिया मार्ग पर अधूरे निर्माण और जलभराव की समस्या का मुद्दा उठाते हुए सड़क को एक फुट उठाकर दोबारा बनाने पर जोर दिया।

# निजी बस पेड़ से टकराई हेल्पर की मौत, कई चोटिल

**संवाददाता फतेहगंज पूर्वी**

- लुधियाना से गोंडा-बहराइच की सवारी लेकर जा रही थी बस
- बस में 50 यात्री सवार थे, हादसे के बाद मार्ग पर लगा जाम

**अमृत विचार :** हाईवे पर असंतुलित होकर प्राइवेट बस खाई में पेंड से टकरा गई जिससे बस में सवार हेल्पर की इलाज को ले जाते समय मौत हो गई । वहीं आधा दर्जन से अधिक सबारिया चोटिल हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु भेजा है ।

मंगलवार को रात करीब 9:30 बजे हाईवे पर ग्राम सिमरा के समीप लुधियाना से गोंडा बहराइच सवारियों को लेकर जा रही एक प्राइवेट बस अचानक असंतुलित होकर हाईवे किनारे खाई में चली गई जो पेड़ से जा टकराई ।

बस के अचानक पेड़ से टकराने से बस में सवार हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बस में सवार आधा दर्जन से अधिक सवारियां भी चोटिल हो गई । सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी संतोष सिंह ने घायल हेल्पर तथा चोटिल सवारियों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा । जहां इलाज को ले जाते समय हेल्पर की मौत हो गई । थाना प्रभारी ने बताया कि बस में करीब 50 यात्री सवार थे जो गोंडा जा रहे थे ।

थाना प्रभारी ने बताया कि हेल्पर के अलावा किसी को कोई गंभीर चोट नहीं है । इस हादसा की चलते मार्ग पर भी करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा वाहनों की लाइन लग गई कुछ ही देर बाद पुलिस ने यातायात सुचारू रूप से चलवाया गया।

### नैनीताल रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत, दो घायल

**देवरनियां, अमृत विचार :** बरेली-नैनीताल हाइवे पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन युवकों में से एक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गये हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। उधमसिंहनगर के थाना सिडकुल के गांव अटरिया मंदिर के पास निवासी सौरभ शर्मा पुत्र महेश शर्मा, पंकज पुत्र भुवन चन जोशी, आंसू दिलवाल पुत्र महेन्द्र सिंह बाइक से अपने घर जा रहे थे, सोमवार दोपहर एक बजे देवरनियां से कुछ दूरी पर कठर्रा ढाल और सतरंह ढावे के बीच किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रुप से घायल हो गये। एम्बुलेंस द्वारा तीनों को उपचार के लिए बरेली निजी अस्पताल भेजा गया । जहां सौरभ शर्मा (23) वर्ष की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## जेई ने शिक्षक से की गाली गलौज मुख्यमंत्री से शिकायत

**नवाबगंज, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक शिक्षक ने बिजली विभाग के जेई पर फोन पर गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम रिछोला किफायतुल्ला निवासी ब्रह्मानन्द के अनुसार, 17 अप्रैल को दोपहर जेई द्वारा उन्हें फोन पर अपशब्द कहे गए। उनका कहना है कि इस बातचीत की रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। पीड़ित का आरोप है कि उपखंड विद्युत नवाबगंज में तैनात जेई ने उनसे अमर्यादित भाषा में बात की और अपमानित किया।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक ब्रह्मानंद का कहना है कि उन्होंने कभी किसी से अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया, बावजूद इसके उन्हें इस तरह की पीड़ा झेलनी पड़ी। मामले में शिक्षक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

# बरातियों पर हमले के 4 आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता, शेरगढ़,**

**अमृत विचार :** थाना पुलिस ने कस्बा स्थित एक बारात घर से खाना खाकर ट्रैक्टर ट्राली से लौट रहे लोगों पर हमले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि मुख्य आरोपी समेत दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने मारपीट में प्रयोग की गई लोहे की रॉड व लकड़ी के डंडे को भी बरामद किया है। सोमवार को कस्बे के अस्पताल बाईपास तिराहा स्थित बैंक्वट हाल में गांव नगरिया कलां निवासी लालाराम गंगवार की पुत्री के विवाह समारोह के कार्यक्रम से गांव नगरिया कलां निवासी लोग ट्रैक्टर ट्राली से लौट रहे थे। इसी दौरान दूसरी ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा अपनी बाइक ट्रैक्टर ट्राली के पीछे लगा दी तो उसे हटाने को कहा गया।


शेरगढ़ में पुलिस की गिरफ्त में चार आरोपी । ● अमृत विचार

- बरातियों की ट्राली के आगे बाइक लगा कर की थी मारपीट

बाइक नहीं हटाकर गाली गलौज से शुरु हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। इसमें कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने मंगलवार को शान पुत्र नवी शेर निवासी रम्पुरा थाना शेरगढ़ व मामा अली हसन पुत्र अब्दुल करीम निवासी गांव भरौनी थाना फरीदपुर, आमिल पुत्र इदरीश निवासी ग्राम सलपुरा को रम्पुरा मोड़ बाजार के निकट से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में तीनों ने गुस्से और आक्रोश में आकर घटना को अंजाम देना बताते हुए बताया कि गलती हो गई।

## कोरियर छुड़ाने के नाम मांगी रकम पुलिस से शिकायत

**रिठौरा, अमृत विचार :** पीलीभीत हाईवे किनारे शमशान भूमि के सामने फड़ पर कोरियर आफिस बनाकर लोगों का माल रिठौरा से बाहर शहरों में जयपुर वाली बसों से भेजा जाता है। मामला तब प्रकाश में आया जब गांव मुल्लापुर के सैजाद खां ने थाना हाफिजगंज में शिकायती पत्र दिया।

बताया रिठौरा के जाबिर फड़ पर कोरियर आफिस चलाते हैं। उन्होंने सैजाद की कपड़े की चार गठरी जयपुर के लिए 13 अप्रैल को भेजी लेकिन वह नहीं पहुंची बताया गया कि माल सेल्सटैक्स ने पकड़ लिया है। एक सप्ताह बीतने पर भी कपड़ा नहीं मिला तो जाबिर ने 40 हजार रूपये की डिमांड की। कहा कि कपड़ा छुड़ाना चाहते हो तो पहले रूपये दो। पीड़ित ने थाना हाफिजगंज में आरोपी कोरियर चलाने वाले के खिलाफ शिकायत की है।

# प्रधान पर किया हमला, 9 पर रिपोर्ट

**संवाददाता, मीरगंज,**

- घर में घुसे लगभग 20 लोगों ने बेटों को भी पीटकर किया घायल
- प्रधान के बेटे की बाइक दूसरे गांव के युवकों की बाइक से छू गई थी
- मामूली बात पर हुए विवाद में 12 अज्ञात पर भी दर्ज हुई है रिपोर्ट

**अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के चकदहा भगवतीपुर गांव में सोमवार रात करीब 7:30 बजे प्रधान छोटे अंसारी और उनके दो बेटों पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। लगभग 20 लोगों ने उनके घर में घुसकर इस घटना को अंजाम दिया, जिसमें प्रधान और उनके बेटे घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में 9 नामजद और 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

यह विवाद 19 अप्रैल को दोपहर बाइक टकराने को लेकर शुरू हुआ था। चकदहा गांव के प्रधान के बेटों और परसुनगला के कुछ लड़कों की बाइक आपस में छू गई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दौरान प्रधान के बेटों ने कथित तौर पर परशु नगला के लड़कों के साथ मारपीट की, जिसके बाद वे अपने गांव लौट गए थे।

इसी पुरानी रंजिश के चलते सोमवार रात परशु नगला, थाना भोजीपुरा निवासी नसीम, शरीफ, इरफान खां, तवीर खां, जियाउल, तहनुव, तस्लीम खां, तोहसीव और मियांपुर, थाना भोजीपुरा निवासी अफसार अपने दस-बारह अज्ञात साथियों के साथ चकदहा पहुंचे। इन करीब बीस हमलावरों ने प्रधान छोटे मंसूरी पुत्र अब्दुल के घर पर धावा बोल दिया। उन्होंने घर में घुसकर प्रधान छोटे मंसूरी, उनके बेटे इमरान और शहजिल को घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर हमलावर करीब बीस मिनट तक उत्पात मचाते रहे। बीच-बचाव करने आए परिजनों और ग्रामीणों के साथ भी मारपीट की गई।

शोर सुनकर आसपास के लोगों ने हस्तक्षेप कर हमलावरों को वहां से भगाया। इस हमले में प्रधान छोटे अंसारी, इमरान और शहजिल को चोटें आई हैं। सभी घायलों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर शाही पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 9 नामजद और 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला और घर में घुसकर हमला करने सहित गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## दो किशोरों की मौत के बाद संचालकों के खिलाफ तहरीर

**संवाददाता, नवाबगंज।**

**अमृत विचार :** कस्बे के बरखन रोड स्थित शमशान भूमि के पास एक मकान के बेसमेंट में संचालित श्री श्याम मोटर वर्कशॉप में गैस टैंक में आग लगने से हुए भीषण हादसे के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। इस घटना में छह लोग झुलस गए थे, जिनमें से दो किशोरों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी है।

घटना 18 अप्रैल की रात की है। वर्कशॉप में कार सर्विसिंग की आड़ में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा था। उसी दौरान एक ईको कार के गैस टैंक से गैस भरी जा रही थी। आरोप है कि वर्कशॉप संचालकों ने वहां मौजूद चार किशोर मोहम्मद फरमान, साहिल रजा, अर्सिल और अजीत को बुलाकर गैस टैंक उठवाने और कार में रखने को कहा। इसी बीच अचानक गैस रिसाव हो गया और टैंक में आग लग गई। आग की चपेट में आकर चारों किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। इलाज के दौरान 14 वर्षीय अर्सिल पुत्र मोहम्मद नासिर निवासी यासीन नगर और 13 वर्षीय अजीत निवासी प्रभात नगर की मौत हो गई। वहीं साहिल रजा और मोहम्मद फरमान का इलाज अभी जारी है, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। अन्य झुलसे लोगों का भी उपचार चल रहा है।

घटना के बाद घायल फरमान के पिता बाबू निवासी यासीन ने तहरीर देकर वर्कशॉप संचालक पिता-पुत्र और संबंधित कार स्वामी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। तहरीर में कहा गया है कि बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के अवैध गैस रिफिलिंग कराई जा रही थी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है ।

## महिला पर डाला जबरन हलाला का दबाव

**नवाबगंज, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव की युवती ने कुछ दबंगों पर जबरन हलाला कराने का दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व शाहजहांपुर के एक युवक के साथ हुआ था। कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच विवाद होने पर दोनों अलग हो गए। इसके बाद युवती के परिजनों ने उसकी आर्थिक स्थिति और भविष्य को देखते हुए पुनः विवाह तय करने का प्रयास किया।

आरोप है कि इसी बीच गांव के कुछ दबंग व असामाजिक तत्व युवती पर जबरन हलाला करने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि एक आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर कमरे में चलने और हलाला करने की बात कही। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को समाज से बहिष्कृत करने की धमकी दी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि एक आरोपी पूर्व में सजायाफ्ता है और गांव में इस तरह की गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है।

# अखलाक की मौत में आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप

**संवाददाता, बहेड़ी**

- कर्ज के बोझ से दबे सिली जागीर गांव के युवक की आत्महत्या का मामला
- परिजन ने गांव के ही कुछ लोगों पर दोगुनी रकम देने का दबाव बनाया जा रहा था

**अमृत विचार :** कर्ज के बोझ से गांव सिली जागीर के एक शख्स के ख़ुदकुशी करने के मामले में अब ट्विस्ट आया है। मृतक के परिजनों ने गांव के ही लोगों पर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है।

गांव सिली जागीर के अख़लाक़ अहमद का शव एक रोज़ एक खेत में मिला था। यह बात सामने आई थी कि उसने कर्ज के बोझ से घबराकर आत्महत्या कर ली है। अब इस मामले में मृतक के भाई आफाक हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके छोटे भाई अखलाक अहमद के नाम से गांव की भूमि से संबंधित एक कथित फर्जी इकरारनामा तैयार किया गया। इस दस्तावेज में लगभग 39.94 लाख रुपये की पेशगी दिए जाने का उल्लेख है, जबकि परिजनों का दावा है कि न तो कोई रकम बैंक के माध्यम से दी गई और न ही नकद।

परिजनों के अनुसार, जिस भूमि का सौदा दिखाया गया, उसका स्वामित्व भी अखलाक अहमद के नाम नहीं है। आरोप है कि गांव के ही मोहम्मद शीराज, उनके पिता राहत हुसैन तथा अन्य सहयोगियों द्वारा अखलाक पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था कि वह अपने पिता से जमीन का बैनामा कराए, नहीं तो दोगुनी रकम लौटाए। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। इससे वह परेशान रहता था। पैसे का इंतजाम हो नहीं पा रहा था और लोग लगातार उस पर पैसे देने का दबाव बना रहे थे। इसी से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि 13 अप्रैल की शाम आरोपित पक्ष के लोग मृतक के घर पहुंचे और अभद्र व्यवहार किया था। परिजनों का कहना है कि या तो आरोपियों ने हत्या कर शव फेंका है या फिर दबाव और धमकियों के चलते अखलाक ने आत्महत्या की है। घटना के बाद कागजों की तलाशी में कथित इकरारनामे की प्रति भी बरामद होने का दावा किया गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं आया है, जिसके चलते बिसरा सुरक्षित किया गया है।

## सड़क निर्माण कार्य में बाधा बन रही वाहनों की आवाजाही

**संवाददाता, शेरगढ़,**

**अमृत विचार :** नगरिया कलां-कमालपुर गांव के बीच सेतु के निकट सड़क पर सुरक्षा दीवार और सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। आवागमन का एक मार्ग होने से राहगीरों के साथ साथ निर्माण कार्य करने में असुविधा हो रही है। शीशगढ़ व सहोड़ा समेत नदी पार के लोगों का ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने का यह महत्वपूर्ण रास्ता है

मंगलवार को सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू किया गया तो राहगीरों को आवागमन में दिक्कत हुई है।

अवर अभियंता प्रेम सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा है ऐसे में वाहन चालक अन्य मार्गों का सहारा लें ताकि सीसी रोड निर्माण में दिक्कत न हो। निर्माण कार्य तकरीबन एक माह तक चलेगा। वाहनों की आवाजाही कम नहीं होने पर यह समय और बढ़ेगा। इससे राहगीरों को असुविधा होगी।



